देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 90 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
चीन की भूल



देहरादून, मंगलवार, 6 जुलाई 2021

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 25.0°

42243.40

2 समुद्र में ज्वालामुखी जैसा विस्फोट

7 टीम में जगह को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

# पूरी दुनिया को कोविन का ऑफर

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, दूसरे देशों को भी मिलेगी कोविन प्लेटफार्म की सुविधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविन ग्लोबल कॉन्क्लेव को संबोधित किया और महामारी कोविड–19 से जूझने में डिजिटल प्लेटफार्म कोविन की भूमिका का जिक्र किया। साथ ही इस प्लेटफार्म को वैश्विक स्तर पर मुहैया कराने की बात कही। इस कॉन्क्लेव में वर्चुअली केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और कोविन पोर्टल के सीइओ आरएस शर्मा भी शामिल हुए।

कॉन्क्लेव में भारत की ओर से महामारी कोविड–19 से बचाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे डिजिटल प्लेटफार्म कोविन को दूसरे देशों के लिए आधिकारिक तौर पर दिए जाने की पेशकश की गई। बता दें कि कनाडा, मेक्सिको, नाइजीरिया, पनामा और युगांडा समेत करीब 50 देशों ने अपने वैक्सीनेशन अभियान के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म कोविन को लेकर रुचि दिखाई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कॉन्क्लेव में कहा, भारतीय सभ्यता पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर देखती है। इसे महामारी के दौरान लोगों ने महसूस भी किया होगा। इसलिए कोविड वैक्सीनेशन के लिए हमारे तकनीकी प्लेटफार्म कोविन को ओपन सोर्स के तौर पर तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, महामारी से निजात पाने में वैक्सीनेशन बेहतर उम्मीद है और शुरुआत से भारत में हमने वैक्सीनेशन के लिए हमने डिजिटल तरीका ही अपनाने का फैसला किया। महामारी कोविड–19 से संघर्ष में तकनीक की अहम भूमिका पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम जल्द ही हमारे कोविड ट्रेसिंग व ट्रैकिंग एप का ओपन सोर्स मुहैया कराएंगे।

ग्लोबल कॉन्क्लेव के बारे में तभी उन्होंने जानकारी दी थी और कहा था, 5 जुलाई को हम ग्लोबल कॉन्क्लेव कर रहे हैं जहां दुनिया को बताएंगे कि यह सिस्टम कैसे काम करता है, इसे कैसे विकसित किया गया और यह किस तरह काम करता है। साथ ही हम इसका ओपन सोर्स वर्जन किसी भी देश के साथ शेयर करने को कैसे तैयार होंगे। कनाडा, मेक्सिको व अन्य देशों से इसकी काफी मांग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि करीब 5 महीनों में को–विन प्लेटफार्म पर 300 मिलियन से अधिक रजिस्ट्रेशन हुआ।

**चुनौती को अलग-थलग रहके नही कर सकते हल**

कोविन वैश्विक सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुभव बताता है कि कोई भी राष्ट्र, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, इस महामारी जैसी चुनौती को अलग–थलग रहके हल नहीं कर सकता है।



**को-विन की वैश्विक स्तर पर हो रही सराहना**

हाल में ही इस पोर्टल की सुविधा अन्य देशों के लिए मुहैया कराने की अनुमति प्रधानमंत्री ने दी है। दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीनेशन प्लेटफॉर्म को–विन की वैश्विक स्तर पर सराहना हो रही है। देश में इसी प्लेटफार्म के जरिए वैक्सीनेशन का काम तेजी से हो रहा है और अब इसे दुनिया के अन्य देशों के साथ मुफ्त साझा किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकरण और को–विन प्लेटफार्म के चीफ एक्जीक्यूटीव ऑफिसर आर एस शर्मा हाल ही में कहा था कि कनाडा, मेक्सिको, नाइजीरिया, पनामा और युगांडा सहित लगभग 50 देशों ने अपने टीकाकरण अभियान चलाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म कोविन को अपनाने में रुचि दिखाई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अपने सोर्स सॉफ्टवेयर के मुफ्त में शेयर करने के लिए तैयार है।

**को–विन का ओपन सोर्स वर्जन**

कुछ दिनों पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने को–विन का ओपन सोर्स वर्जन तैयार करने का निर्देश दिया और इसकी आवश्यकता जिन देशों को है उन्हें मुफ्त उपलब्ध कराने को कहा है। कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के वर्चुअल समिट में CEO ने बताया था कि सेंट्रल एशिया , लैटिन अमेरिका और अफ्रीका से 50 देशों ने को–विन जैसे सिस्टम में रुचि दिखाई है। उन्होंने यह भी बताया था कि प्रधानमंत्री की ओर से प्लेटफार्म का ओपन–सोर्स वर्जन विकसित कर उन देशों को मुफ्त उपलब्ध कराने को कहा गया है जिन्हें यह सुविधा चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

**प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत ने थामा टीएमसी का दामन**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को तगड़ा झटका देते हुए पूर्व सांसद अभिजीत मुखर्जी ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत ने सोमवार को कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में टीएमसी की सदस्यता ग्रहण की। कुछ दिन पहले अभिजीत ने टीएमसी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। बताया जा रहा है कि टीएमसी उनको जंगीपुर विस सीट से चुनाव लड़ा सकती है।

**बीजेपी के 12 विधायक एक साल के लिए निलंबित**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र सरकार के विधानसभा अधिवेशन के मॉनसून सत्र के पहले ही दिन बीजेपी नेताओं ने जमकर हंगामा किया। पहले सदन की सीढ़ियों पर बैठकर बीजेपी के तमाम नेताओं ने नारेबाजी की और उसके बाद स्पीकर के केबिन में जाकर अधिकारियों से धक्का–मुक्की का भी आरोप लगा है।

# सुको में रामदेव और डॉक्टरों के वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक

## कोर्ट ने कहा– झगड़ा मत करो, योग गुरु की याचिका पर 12 जुलाई को सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को योग गुरु रामदेव और डॉक्टर निकाय के वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। यह इस कदर बढ़ गई कि कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। कोर्ट रामदेव की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इसमें योग गुरु ने एलोपैथिक मेडिसिन पर अपने बयान को लेकर दर्ज प्राथमिकी पर कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि रामदेव की याचिका पर 12 जुलाई को सुनवाई होगी। अदालत को सोमवार को एलोपैथिक दवा के इस्तेमाल पर रामदेव के बयान के मूल रिकॉर्ड की जांच करनी थी। साथ ही उनके खिलाफ मामलों को दिल्ली स्थानांतरित करने की रामदेव की याचिका पर सुनवाई करनी थी।

एलोपैथी दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ रामदेव के बयान के संबंध में दर्ज प्राथमिकियों के सिलसिले में जांच पर रोक लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। न्यायालय ने बताया कि उसे बयान के मूल रिकॉर्ड रविवार की रात को ही मिले हैं।

योग गुरु रामदेव के कोरोना के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के बारे में दिए बयानों के मूल रिकॉर्ड पर शीर्ष अदालत सोमवार को गौर करने वाली थी। रामदेव ने मामले में याचिका दायर कर जांच पर रोक लगाने और इस सिलसिले में उनके खिलाफ दर्ज मामलों को दिल्ली स्थानांतरित करने का आग्रह किया है।

बता दें कि रामदेव द्वारा एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर की गई टिप्पणियों के मामले में आइएमए ने बिहार और छत्तीसगढ़ में उनके खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। योग गुरु के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के विभिन्न प्रविधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**कोर्ट ने क्या कहा?**

प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने कहा, 'कल रात 11 बजे हमें फाइलों का एक मोटा बंडल मिला, जिसमें बयानों और वीडियो की प्रतियां थीं।' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'हम इस मामले को एक सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर रहे हैं।' इससे पहले रामदेव की ओर से पेश हुए वकील मुकुल रोहतगी ने कहा था कि मामले पर कभी और सुनवाई की जा सकती है।

# भारत में दूसरी लहर का असर लगातार हो रहा कम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना की दूसरी लहर का असर लगातार कम होता जा रहा है। बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 39 हजार नए मामले मिले हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या 3 करोड़ पांच लाख 85 हजार हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के कारण 723 और लोगों की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 4,02,728 हो गई है।

मंत्रालय ने बताया कि देश में उपचाराधीन मामलों की संख्या कम होकर 4,82,071 रह गई, जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.58 प्रतिशत है, जबकि कोरोना से स्वस्थ होने की दर सुधरकर 97.11 हो गई है। 24 घंटे में उपचाराधीन मामलों की संख्या में 3279 की कमी आई है। देश में लगातार 53वें दिन स्वस्थ हुए लोगों की संख्या दैनिक मामलों से अधिक रही।

दूसरी तरफ देश में कोरोना वायरस के खिलाफ 21 जून को शुरू हुए टीकाकरण के महाभियान में पिछले 24 घंटे में करीब 14,81,583 लाख टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सोमवार सुबह सात बजे तक की अस्थायी रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 35,28,92,046 करोड़ डोज लगाई जा चुकी हैं।

**राहत**

■24 घंटे में 39,796 नए मामले, 723 मरीजों ने तोड़ा दम

**अगस्त में भारत में तीसरी लहर आने की संभावना**

कोरोना वायरस की बहुप्रतीक्षित तीसरी लहर अगस्त के मध्य तक भारत में आने की संभावना है, जबकि सितंबर में मामले चरम पर हो सकती है। सोमवार को एक रिपोर्ट में दावा किया गया है। वहीं, बता दें कि देश में दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। एसबीआई रिसर्च द्वारा प्रकाशित कोविड –19 द रेस टू फिनिशिंग लाइन शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि टीकाकरण ही एकमात्र बचाव कर सकता है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# ड्रोन हमलों से निबटने में सेना पूरी तरह सक्षम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। पिछले कुछ दिनों से भारतीय सीमा पर लगातार पाकिस्तानी ड्रोन देखे जा रहे हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भी चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं उनका सामना करने में हमारी सेना सक्षम है। सोमवार को रक्षामंत्री कानपुर के श्याम नगर स्थित हरिहर धाम में थे। राजनाथ बोले, मैं देशवासियों से कहना चाहता हूं कि देश पूरी तरह से सुरक्षित है। राजनाथ सिंह ने धर्मांतरण मामले में भी सख्त रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के मुद्दे पर कानून के दायरे में कोई भी आएगा, उसको बख्शा नहीं जाएगा वह चाहे किसी भी धर्म, जाति, मजहब का क्यों ना हो।

**मोहन भागवत के बयान का स्वागत किया**

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गाजियाबाद में कहा था कि हिंदू–मुस्लिम मिलकर भारत को विश्वगुरु बनाने में मदद करें। उन्होंने मुस्लिमों को भरोसा दिलाया है कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से सवाल पूछा गया तो उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान का स्वागत किया।